हिन्दी दिवस एवं हिन्दी पखवाड़ा समारोह–2017 का आयोजन

उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान (टी.एफ.आर.आई.), जबलपुर में, सचिव (राजभाषा), भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, के कार्यालय ज्ञापन सं.11034/29/2017-रा.भा.(नीति), दिनांक 01 सितम्बर, 2017 के अनुसरण में, दिनाक 14 सितम्बर, 2017 को संस्थान के निदेशक डॉ0 एन. रॉयचौधरी की अध्यक्षता में हिन्दी दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।

हिन्दी दिवस समारोह के अवसर पर, टी.एफ.आर.आई के कार्यालय प्रमुख श्री चतुर्भुज, बेहरा, भा.व.से., समस्त वैज्ञानिक तथा समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी माननीय गृह मंत्री जी का हिन्दी दिवस संदेश का श्री अखिलेश कुमार शर्मा, उप वन संरक्षक एवं अवर सचिव द्वारा वाचन कर संदेश में उल्लेखित दिशा-निर्देशों पर इस संस्थान स्तर पर अमल करने हेतु संदेश वाचन समारोह में समस्त पदाधिकारियों से आग्रह किया गया ।

संस्थान में निदेशक की अध्यक्षता में गठित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें तय समय पर आयोजि कर आई.सी.एफ.आर.ई. मुख्यालय द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन कार्य संबंध में जारी दिशा-निर्देशों पर अमल किया गया और बैठक की कार्यवाहियाँ, संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन कार्य एवं प्रगामी प्रयोग से संबंधित अवधिक रिपोर्टें भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् देहरादून, तथा राजभाषा विभाग के संबंधित कार्यालयों को तय समय पर प्रेषित की गई ।

संस्थान में 15 सितम्बर से 29 सितम्बर तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया जिसके सफल संचाल हेतु श्री चतुर्भुज बेहरा, भा.व.से. कार्यालय प्रमुख की अध्यक्षता में हिन्दी पखवाड़ा आयोजन समिति का गठन कर संस्थान में पदस्थ पदाधिकारियों के लिए हिन्दी की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयी ।

हिन्दी प्रतियोगिताओं के सफल प्रतियोगियों को 29 सितम्बर 2017 को आयोजित हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह में डॉ. एन. कुलकर्णी वैज्ञानिक -जी एवं विस्तार अधिकारी, डॉ. पी. बी. मेश्राम, वैज्ञानिक -जी डॉ. आर. के. वर्मा, वैज्ञानिक -जी, डॉ. अविनाश जैन, वैज्ञानिक -एफ एवं श्री अखिलेश कुमार शर्मा, उप वन-संरक्षक एवं अवर सचिव के करकमलों से पुरस्कार प्रदान किया गया एवं समारोह में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों को संस्थान के शासकीय काम-काज में संघ की राजभाषा हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए आग्रह किया गया ।